राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–83/2026

राज्यपाल ने मेजर जनरल भुवन चन्द्र खण्डूरी (सेवानिवृत्त) के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 19 मई, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मेजर जनरल भुवन चन्द्र खण्डूरी (सेवानिवृत्त) के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि भुवन चन्द्र खण्डूरी ने सैन्य जीवन से लेकर सार्वजनिक जीवन तक ईमानदारी, अनुशासन, सादगी और राष्ट्रसेवा के सर्वोच्च आदर्शों का पालन किया। उत्तराखण्ड तथा देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान सदैव स्मरणीय रहेंगे।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा शोक संतप्त परिजनों एवं प्रशसंकों को धैर्य साहस एवं संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

....